कार्यवृत्त

बुधवार, 19 फाल्गुन, शक संवत्, 1937
(दिनांक : 09 मार्च, 2016)

खण्ड-44
अंक-1

विधान सभा का कार्य सभा मण्डप, देहरादून में दिन के 3:00 बजे श्री अध्यक्ष की अध्यक्षता में राष्ट्रीय गीत ''वन्दे मातरम्'' के साथ आरम्भ हुआ।

श्री अध्यक्ष द्वारा श्री राज्यपाल के अभिभाषण का पाठ आरम्भ करते ही नेता विपक्ष तथा भाजपा के सभी सदस्य अपने-अपने स्थान पर खड़े होकर अपनी-अपनी बात को जोर-जोर से कहने लगे।

घोर व्यवधान के मध्य माननीय अध्यक्ष ने माननीय राज्यपाल का अभिभाषण का पाठ किया।

घोर व्यवधान के ही मध्य श्री अध्यक्ष ने सूचित किया कि कार्य-मंत्रणा समिति ने दिनांक 08 मार्च, 2016 की बैठक में दिनांक 09 मार्च, 2016 से 11 मार्च, 2016 तक के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की हैः-

<u>मार्च, 2016</u>

09 बुधवार	(1)	श्री अध्यक्ष द्वारा माननीय श्री राज्यपाल के अभिभाषण का पाठ। (अपराह्न 03:00 बजे)
10 गुरूवार	(1)	धन्यवाद प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण एवं चर्चा।
	(2)	अध्यादेशों का सदन के पटल पर रखा जाना।
	(3)	विधायी कार्य।
11 शुक्रवार	(1)	धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा एवं पारण।
	(2)	मा0 वित्त मंत्री द्वारा वर्ष 2016-17 के बजट का प्रस्तुतीकरण। (अपराह्न 04:00 बजे)
	(3)	असरकारी कार्य।

घोर व्यवधान के मध्य संसदीय कार्य मंत्री ने प्रस्ताव किया कि यह सदन कार्य-मंत्रणा समिति की सिफारिश, जिसकी सूचना माननीय अध्यक्ष द्वारा सदन को दी गई है, से सहमत है। प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

सदन की कार्यवाही 03 बजकर 06 मिनट पर अगले दिन के 11:00 बजे तक के लिये स्थगित हुई।

ह0/-
(जगदीश चन्द्र)
सचिव,
विधान सभा।

स्वीकृत,
ह0/-

गोविन्द सिंह कुंजवाल
अध्यक्ष,
विधान सभा।